हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
19 जून 2026, समय 18:10

==========================================================

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सभी राज्य सरकारों से सिकल सेल रोग को हलके में न लेने की अपील की।

2. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सिरसा के डेरा बाबा भूमणशाह में आयोजित कार्यक्रम में योग अभ्यास किया, कहा- सरकार योग को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

3. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कानून व्यवस्था को लेकर कोई समझौता नहीं, सरकार हर व्यक्ति की सुरक्षा के लिए मजबूती से खड़ी है ।

4. हरियाणा में आज अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में पंचकूला में होने वाले राज्य स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम के लिए प्रायोगिक अभ्यास किया गया।

5. हरियाणा सरकार ने नीट पुनः परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को निशुल्क बस सुविधा देने की घोषणा की।

====================================================

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विश्वास व्यक्त किया है कि भारत 2047 के राष्ट्रीय लक्ष्य से काफी पहले ही सिकल सेल रोग का उन्मूलन कर लेगा। उन्होंने इस आनुवंशिक रक्त विकार के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए समन्वित प्रयासों का आह्वान किया है। राष्ट्रपति आज विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश के ओंकारेश्वर में आयोजित एक राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं।

राष्ट्रपति मुर्मू ने सभी राज्य सरकारों और अधिकारियों से अपील की कि वे इस बीमारी को हल्के में न लें क्योंकि यह एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में फैलती है। उन्होंने कहा कि इसका पूर्ण उन्मूलन करने के प्रयास किए जाने चाहिए क्योंकि इसका इलाज संभव है।

पहला बडे स्तर पर जागरूकता फैलाए और विवाहपूर्व जेनेटिक काउंसलिंग करना है। दूसरा स्किनिंग करके समय रहते रोग को पहचान करना है। तीसरे प्रबधंन की समग्रता को सुनिश्चित करते हुए स्वास्थ्य देखभाल की निरन्तरता बनाए रखना है।

==========================================

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आज सिरसा के डेरा बाबा भूमणशाह में आयोजित योग शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

उन्होंने डेरा के गद्दीनशीन बाबा ब्रह्मदास के सान्निध्य में वहां मौजूद सैकड़ों लोगों और बाबा के अनुयायियों के साथ मिलकर योग अभ्यास किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा देश का पहला ऐसा राज्य है जिसने योग को बढ़ावा देने के लिए योग आयोग का गठन किया है। सरकार प्रदेश वासियों के मानसिक एंव शारीरिक स्वास्थ्य व निरोग जीवन के लिए योग को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

==================================================

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने आज सिरसा में आम लोगों की शिकायतें सुनी। बैठक में 15 मामले रखे गए जिनमें से 12 मामलों का मौके पर समाधान कर दिया गया। दो शिकायतें अगली सुनवाई के लिए रखी गई हैं जबकि एक मामले में शिकायतकर्ता उपस्थित नहीं हुआ।

मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों की बहुत सी शिकायतें निपटाने के इंतजार में हैं जिनको निपटने के लिए लेकर सख्त निर्देश दिए गए हैं।

कानून व्यवस्था बारे पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था को लेकर कोई समझौता नहीं है। सरकार हर व्यक्ति की सुरक्षा के लिए मजबूती से खड़ी है।

पंजाब में चुनाव पर उन्होंने कहा कि वहाँ भी मोदी जी के नेतृत्व में कमल का फूल खिलेगा। क्योंकि हरियाणा के अंदर हर वर्ग को जो सुविधाएं दी जा रही है, उसकी चर्चा पंजाब में भी है।

===========================================

केंद्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सिरसा के पंचायत भवन में जन कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को सीधे आम जनता तक पहुंचाना और उन्हें जागरूक करना था। शिविर में स्वास्थ्य, कृषि, समाज कल्याण, महिला एवं बाल सहित विभिन्न विभागों ने अपनी स्टॉल लगाई।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से विभागों द्वारा दी जाने वाली विभिन्न योजनाओं और उनके क्रियान्वयन की प्रगति के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए।

==========================================================

हरियाणा में 21 जून को 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पंचकूला में राज्य स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में 11 देशों के लगभग 70 विद्यार्थी भागीदारी करेंगे। इसी उपलक्ष्य में आज प्रायोगिक अभ्यास किया गया। जिसमें पंचकूला के उपायुक्त सतपाल शर्मा, विभिन्न विभागों के कर्मचारियों, विद्यालयों, महाविद्यालयों के विद्यार्थियों, भारत तिब्बत सीमा पुलिस, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों व शहर की योग से जुड़ी संस्थाओं ने भाग लिया। इस दौरान योग प्रोटोकॉल के अनुसार सभी योगासनों का अभ्यास करवाया गया।

हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष डॉ जयदीप आर्य ने बताया कि इस वर्ष राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन “योग से निरोग हरियाणा” थीम पर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर भाग लेंगे।वे हरियाणा में योग को लेकर एक ऐतिहासिक घोषणा भी करेंगे। हरित योग के चलते प्राकृतिक संरक्षण का भी संदेश दिया जाएगा और एक भव्य प्रदर्शनी भी लगी जाएगी।

उन्होंने बताया कि इस मौके पर मुख्यमंत्री सहित विभिन्न मेहमानों द्वारा 11 औषधीय पौधे भी लगाए जाएंगे।

===================================

हरियाणा सरकार ने 21 जून को आयोजित होने वाली नीट पुनः परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए हरियाणा रोडवेज की साधारण बसों में निशुल्क बस सुविधा की घोषणा की है।

सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि यह सुविधा 20 जून को परीक्षा केंद्रों तक पहुँचने और 21 जून को आने-जाने के लिए मान्य होगी। सुविधा का लाभ उठाने के लिए अभ्यर्थियों को अपना नीट प्रवेश पत्र दिखाना होगा।

=======================================

कुरुक्षेत्र में आज उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने नीट परीक्षा की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने परीक्षा से जुड़े सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को अपनी ड्यूटी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ निभाने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं कीजाएगी।

मीडिया से बातचीत में उन्होंने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे, जैमर एवं अन्य आवश्यक उपकरण उपलब्ध करा दिए गए है। सुरक्षा चाक चौबंद रहेगी।

उपयुक्त ने कहा कि पेयजल, शौचालय तथा बिजली जैसी सभी मूलभूत सुविधाओं की उचित व्यवस्था भी की जाएगी।

=====================================

भारतीय रेलवे ने भी नीट परीक्षा को लेकर व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। अंबाला रेल मंडल ने संभावित भीड़ वाले स्टेशनों पर विशेष इंतजाम करने का फैसला लिया है ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।
अंबाला मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक यशनजीत सिंह ने बताया कि रेलवे बोर्ड एवं मुख्यालय स्तर पर नीट परीक्षा की तैयारियों की लगातार निगरानी की जा रही है।

उन्होंने बताया कि परीक्षा वाले दिन रेलवे सुरक्षा बल, वाणिज्य विभाग और अन्य शाखाओं के कर्मचारियों की अतिरिक्त तैनाती की जाएगी। साथ ही अधिकारी नियंत्रण कक्ष से पूरी व्यवस्था पर नजर रखेंगे।

=====================================